बरेली, रविवार
20 अप्रैल, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4+6=30

# दैनिक जागरण

PAGE NO. 4: MIDDLE



एसआरएमएस में दो दिवसीय स्पंदन कार्यक्रम के समापन पर छात्र-छात्राओं को बांटे पुरस्कार • सौ. संस्थान

## स्पंदन गाट टैलेंट, सिचुएशनल अंताक्षरी ने जमाया रंग

जागरण संवाददाता, बरेली : श्री राम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलोजी एंड रिसर्च में चल रहा दो दिवसीय सांस्कृतिक फेस्ट (स्पंदन) शनिवार को संपन्न हो गया। सांस्कृतिक फेस्ट के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शृंखला में सिचुएशनल अंताक्षरी, ट्रेजर, हंट, स्पंदन गाट टैलेंट, मूवी स्पूफ, ग्रुप डांस जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

दूसरे सत्र में एल्युमिनाई मीट आयोजित हुई, जिसमें कारपोरेट जगत में कार्यरत संस्थान के पूर्व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभा में स्टूडेंट एल्युमिनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. अनुज कुमार ने संबोधित किया।

इसके बाद एल्युमिनाई ने कारपोरेट जगत आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। साथ ही कालेज में रहने के दौरान अपने अनुभवों से सभी को अवगत कराया। इसके बाद ग्रुप डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह में ट्रस्ट सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा, सीईटी के प्राचार्य डा. प्रभाकर गुप्ता, नर्सिंग कालेज की प्राचार्य डा. मुथु महेश्वरी, इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल साइंसेज की प्राचार्य डा. जसलीन कौर, डीन सीईटीआर डा. शैलेश सक्सेना ने विजयी प्रतिभागियों को ट्राफी और पुरस्कार राशि वितरण की। अंत में डीजे नाइट का आयोजन किया गया, जिसमें ट्रस्ट से संबंधित सभी महाविद्यालयों सहित आरबीएमआइ, केसीएमटी के छात्र-छात्राएं देर रात तक झूमते रहे।